an>

Title:

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि क्योंकि मेरे टोंक, सवाई माधोपुर में तीन ऐसे क्षेत्र हैं, जहां 12 हजार छात्राएं वनस्थली पीठ में पढ़ती हैं। वहां त्रिनयन गणेश जी का मंदिर है, ऐसा मंदिर और कहीं नहीं है और चौथ के बरवाडे में चौथ माता का मंदिर है। इसलिए वहां कुछ ज्यादा रेल ठहराव होने चाहिए। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से वहां रेल ठहराव की मांग करता हूं।

महोदया, मैं एक महत्वपूर्ण विषय सदन के सामने रखना चाहता हूं और साथ ही रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सवाई माधोपुर के विधान सभा क्षेत्र गंगापुर सिटी के निम्नलिखित दो रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न रेलगाड़ियों का ठहराव कराया जाए।

प्रथम रेलवे स्टेशन नारायणपुर टटवाड़ा कोटा मंडल का टिकट बुकिंग के दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्र का सबसे अच्छी बुकिंग देने वाला स्टेशन है। इस स्टेशन से लगभग 105 गांव प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह करौली तथा सवाई माधोपुर दोनों जिलों को जोड़ने वाला एक मात्र सबसे बड़ा स्टेशन है। इस स्टेशन से तहसील सपोटरा जिला करौली के डांग क्षेत्र के निकटवर्ती लगभग 40 गांव व लगभग 15 ग्राम पंचायतें आती हैं तथा जिला सवाई माधोपुर के लगभग पचास गांव हैं। गंगापुर सिटी की लगभग 20 ग्राम पंचायतें भी इस स्टेशन से जुड़ी हुई हैं। इस क्षेत्र के लगभग 70 हजार व्यक्ति विभिन्न राजकीय क्षेत्र जैसे आर्मी, रेलवे, अर्द्धसैनिक बल, केन्द्रीय विद्यालय एवं राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपने निवास पर पहुंचने हेतु ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता महसूस करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : शून्य काल में पूरा पैरा पढ़ते नहीं हैं, जो बात उठानी है, वह एक मिनट में उठाइये।

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया : अध्यक्ष महोदया, मैं इसी में कह देता हूं। मेरी दूसरी मांग है कि जनशताब्दी सुपरफास्ट मेवाड़ एक्सप्रैस तथा निजामुद्दीन ट्रेन कोटा का ठहराव करवाने का कष्ट करें, क्योंकि इससे भी मेरा क्षेत्र जुड़ा हुआ है।

मेरी दूसरी मांग यह है कि ग्राम पंचायत पिलोदा के रेलवे स्टेशन पर अनेक यात्री श्यारोली धाम के लिए ट्रेन से आते हैं तथा वजीरपुर तहसील यहां से मात्र 4 किलोमीटर दूरी पर है। परंतु यहां मुख्य ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से अनेक श्रृद्धालु धाम के दर्शन से वंचित हो जाते हैं। अतःआपसे अनुरोध है कि उक्त रेलवे स्टेशनों से गुजरने वालों ट्रेन जनता एक्सप्रेस व देहरादून एक्सप्रेस, कोटा-पटना ट्रेन का ठहराव करवाने का आदेश पारित करें। धन्यवाद।